04.12.2025

सूचना- दिल्ली एनसीआर और मुंबई में आवासीय फ्लैटों की खरीद

राष्ट्रीय आवास बैंक भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है। राष्ट्रीय आवास बैंक एक विकास वित्तीय संस्थान है, जिसकी स्थापना 1988 में संसद के एक अधिनियम के तहत हुई थी। राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त संस्थानों को बढ़ावा देने और उन्हें वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करने हेतु एक प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय आवास बैंक मुख्यतः निम्नलिखित कार्य करता है - अनुसंधान, आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण, पुनर्वित्तपोषण और संवर्धन एवं विकास।

राष्ट्रीय आवास बैंक अपने अधिकारियों के आवास के लिए **दिल्ली एनसीआर और मुंबई** में सरकार से सरकार के आधार पर आवासीय फ्लैट खरीदने की योजना बना रहा है।

इस संबंध में, सरकारी संगठन/सांविधिक निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/वित्तीय संस्थान, जिनके पास दिल्ली एनसीआर और मुंबई में बिक्री के लिए आवासीय संपत्तियां उपलब्ध हैं, से अनुरोध है कि वे कृपया अपनी प्रस्ताव **सामान्य प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक, तीसरी मंजिल, कोर-5ए, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003** को प्रस्तुत करें (किसी भी जानकारी के लिए, कृपया **ईमेल आईडी:** gad@nhb.org.in, **फोन:** 011-39187403/ 9818395291/ 7439234591 पर संपर्क करें)।

Sd/-
सामान्य प्रशासन विभाग
राष्ट्रीय आवास बैंक